Download UPPSC/UPPCS Mains 2022 Exam Question Paper

"Subject : General Studies (Paper 4)"

Held on 29th September 2022

No. of Printed Pages : 4

Serial No.

BRAVO – 56
2022

सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – IV)
GENERAL STUDIES (PAPER – IV)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200
Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

विशेष अनुदेश : (i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड – अ से **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा खण्ड – ब से **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द–सीमा **200** निर्धारित हैं । जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी दोनों** में छपे हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को **ध्यान** में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए **कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: **काट** दें ।

Specific Instructions : (i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

(iv) Keep the word limit indicated in the questions in **mind**.

(v) **Any** page or portion of the page left blank in the answer booklet must be **clearly struck off**.

खण्ड – अ/SECTION – A

1. लोक सेवकों की लोकतंत्रीय अभिवृत्ति एवं अधिकारीतंत्रीय अभिवृत्ति में अंतर बताइए । 8
Differentiate between democratic attitude and bureaucratic attitude of public servants.

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

2. जनता के विरोध के सम्बन्ध में अनुनय की भूमिका की तर्क सहित व्याख्या कीजिए । 8
Explain the role of persuation in relation to public protest with proper argument.

3. निष्पक्षता को परिभाषित कीजिए और कमज़ोर वर्ग की समस्याओं के समाधान में निष्पक्षता की भूमिका की विवेचना कीजिए । 8
Define impartiality and discuss the role of impartiality in solving problems of weaker section.

4. संवेगात्मक बुद्धि से आप क्या समझते हैं ? इसके आयामों की विवेचना कीजिए । 8
What do you understand by emotional intelligence ? Discuss its dimensions.

5. लोक सेवकों के सन्दर्भ में निम्नलिखित की प्रासंगिता की व्याख्या कीजिए । 8
(a) समर्पण
(b) जवाबदेही ।
Describe the relevance of the following in the context of civil servants.
(a) Dedication
(b) Accountability.

6. "प्रशासन एक नैतिक कार्य है और प्रशासक एक नैतिक अधिकर्ता है ।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए । 8
"Administration is a moral act and administrator is a moral agent." Explicate this statement.

7. क्या आप स्वीकारते हैं कि जन संस्थाएँ जनता के अधिकारों के संरक्षण में सफल है ? 8
Do you accept that public institutions are successful in preservation of the rights of people ?

8. 'अन्तरात्मा की आवाज' से आप क्या समझते हैं ? लोक सेवकों के कर्तव्य निर्वहन में यह किस प्रकार मदद करता है ? 8
What do you understand by 'voice of conscience' ? How does it help in performing the duty of civil servants ?

9. वे कौन सी परिस्थितियाँ है जो अधिकारी की सत्यनिष्ठा के बारे में संदेह उत्पन्न करती है ? 8
What are the circumstances which create suspicion about an officer's integrity ?

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

10. विभेद कीजिए : 8

(a) सदाचार–संहिता और आचार–संहिता में

(b) सहिष्णुता और करुणा में ।

Differentiate between

(a) Code of ethics and code of conduct

(b) Tolerance and compassion.

खण्ड – ब/SECTION – B

11. अभिक्षमता किस प्रकार रुचि से भिन्न है ? ''यदि किसी में लोक सेवक बनने की रुचि है लेकिन लोक सेवाओं का निर्वहन करने की अभिक्षमता नहीं है, तो क्या वह लोक सेवक के रूप में सफल होगा ?'' विवेचना कीजिए । 12

How aptitude is different from interest ? "If one has the interest to become civil servant but does not have aptitude for it then will he/she be successful as a civil servant ?" Discuss.

12. ''सहनशीलता सर्वोत्तम मूलभूत मूल्य है'' इस कथन की विवेचना एक लोक सेवक के संदर्भ में कीजिए । 12

"Tolerance is supreme fundamental value." Discuss this statement in context of civil servant.

13. सामाजिक प्रभाव से आप क्या समझते हैं ? सामाजिक प्रभाव और अनुनय कैसे व्यवहार में परिवर्तन ला सकते हैं ? 12

What do you understand by social influence ? How social influence and persuation can bring out behavioural change ?

14. करुणा की आधारभूत आवश्यकताएँ क्या हैं ? लोक सेवा में कमज़ोर वर्ग के प्रति करुणा की क्या आवश्यकता है ? 12

What are the basic requirements of compassion ? What is the need of compassion towards weaker section in civil service ?

15. भीड़ एक अस्थायी समूह होता है जो दुर्घटना या विरोध या प्रदर्शन की स्थिति में तत्काल एक स्थान पर एकत्र हो जाता है । इस भीड़ के हिंसात्मक होने की संभावना हमेशा बनी रहती है । बहुत बार यह भीड़ अनावश्यक हिंसा की स्थिति पैदा कर देती है । किस अनुनयात्मक विधि से भीड़ को नियंत्रित और संतुष्ठ किया जा सकता है ? व्याख्या कीजिए । 12

Crowd is a temporary group which immediately collect at one place in situation of accident or protest or demonstration. Probability of this crowd becoming violent is always possible. Many times this crowd creates unnecessary situation of violence. Through which persuation method the crowd may be controlled and satisfied ? Explain.

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

16. ''सूचना का अधिकार अधिनियम केवल नागरिकों के सशक्तिकरण के बारे में नहीं है, अपितु यह आवश्यक रूप से जवाबदेही की संकल्पना को पुनर्परिभाषित करता है।'' विवेचना कीजिए। 12
"The Right to Information Act is not only about citizen's empowerment but it essentially redefines the concept of accountability." Discuss.

17. उपयुक्त उदाहरणों द्वारा निगमित शासन में नैतिक मुद्दों का व्याख्या कीजिए। 12
Explain with suitable examples the ethical issues in corporate governance.

18. समाज में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए आपके अनुसार क्या कदम उठाने चाहिए ? व्याख्या कीजिए। 12
What steps should be taken according to you to prevent corruption in society ? Explain.

19. आचरण की शुद्धि के लिये बुद्ध द्वारा बताए गए अष्टांगिक मार्ग की व्याख्या कीजिये। 12
Explain the eightfold path given by Buddha for the purification of conduct.

20. संजीव एक आदर्शवादी है। उसका विश्वास है कि ''सत्य सर्वश्रेष्ठ सद्गुण है तथा सत्य से कभी समझौता नहीं करना चाहिए''। एक दिन उसने डंडा तथा पत्थर हाथ में लिए हुए लोगों की भीड़ से भागते हुए एक व्यक्ति को देखा। वह उसे एक विशिष्ट स्थान पर छुपते हुए भी देख लेता है। भीड़ ने संजीव से पूछा कि क्या उसने चोर को देखा है ? संजीव ने सच बता दिया और उस जगह की ओर इशारा कर दिया जहाँ उसे छुपते हुए दिखा था। भीड़ उस व्यक्ति को पकड़ लेती है और मरने तक पीटती रहती है। उपर्युक्त परिस्थिति के प्रकाश में संजीव के आचरण पर टिप्पणी कीजिए। 12
Sanjeev is an idealist. He believes that "truth is the greatest virtue and should never be compromised". One day he witnessed a person running away from a mob equipped with sticks and stones. He watches him hiding in a particular spot. The mob asked Sanjeev whether he saw the thief ? Sanjeev tells the truth pointing towards the spot, where he saw the person hiding. The mob gets hold of the person and beats him till death. In light of above circumstance, comment on the conduct of Sanjeev.

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

Dhyeya IAS Now on Telegram

Join Dhyeya IAS Telegram Channel from link the given below

https://t.me/dhyeya_ias_study_material

नोट : पहले अपने फ़ोन में टेलीग्राम App Play Store से Install कर ले उसके बाद लिंक में क्लिक करें जिससे सीधे आप हमारे चैनल में पहुँच जायेंगे।

You can also join Telegram Channel through our website

www.dhyeyaias.com

www.dhyeyaias.com/hindi

ध्येय IAS
most trusted since 2003

Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009
Phone No: 9205274741, 9205274742, 9205274744